श्री बंशीधर नगर, रविवार
21.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष त्रयोदशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 236

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:28 बजे
अस्त - 06:20 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

जंगली हाथियों ने अधेड़ को कुचला, मौत >> पेज 03 | रांची में विकास विरोधियों का होगा जमावड़ा >> पेज 04

**सुविचार**

जिंदगी में रिश्ते निभाने के लिए दिल साफ होना चाहिए, दिमाग तेज होना जरूरी नहीं!

**न्यूज अपडेट्स**

### एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग

**रांची।** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित एएसपी निशा मुर्मू के घर में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गयी। हालांकि अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अगलगी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे । अग्निशमन विभाग का तीन वाहन पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि आंकलन के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। कितने का नुकसान हुआ इस संबंध में अबतक लिखित कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है।

### एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

**चाईबासा।** जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है।

**महाराष्ट्र के नांदेड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा, कहा**

# अपना कर्तव्य समझें, वोट दें

**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नांदेड में कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। दरअसल, देश की जनता को यह एहसास हो रहा है कि इंडी गठबंधन अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए एक साथ आया है। इंडी अलायंस की पार्टियां देश की 25 फीसदी सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही हैं, इन पर आम जनता विश्वास नहीं कर पा रही है। मोदी शनिवार को भाजपा के नांदेड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार प्रतापराव चिखलीकर और हिंगोली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बाबूराव कोहलीकर के प्रचार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को देश में पहले चरण का मतदान हुआ। मैं सभी मतदाताओं और विशेषकर पहली बार के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। मतदान के बाद कई लोगों ने बूथ स्तर तक का विश्लेषण किया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा वोट पड़ा



है। मैं देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि आप एनडीए की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। मैं इसके लिए सभी को धन्यवाद देता हूं लेकिन जो लोग वोट नहीं देते, उनसे मैं कहना चाहूंगा कि आपको किसी को वोट देना चाहिए। वोट देने से पीछे न हटें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का जवान विपरीत माहौल में भी देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपना कर्तव्य निभा रहा है। उसी प्रकार मतदाताओं को भी मतदान को कर्तव्य समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड के अलावा अन्य सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र तलाश रहे हैं। 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान के बाद राहुल गांधी दूसरी सीट तलाशेंगे, क्योंकि उन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा। इसी तरह वे वायनाड भी छोड़ देंगे। उन्होंने सोचा नहीं होगा कि कांग्रेस की ऐसी हालत होगी। यह ऐसी स्थिति है कि जिस परिवार से कांग्रेस पार्टी चलती है, वह भी अपनी ही पार्टी को वोट नहीं दे सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं था, चव्हाण परिवार उस समय से राजनीति में है। अशोक चव्हाण के पिता शंकरराव चव्हाण से एक बार चर्चा करने का मौका मिला था। तब मैं राजनीति में नहीं था। भले ही मैं एक आम आदमी था, शंकरराव चव्हाण ने मुझसे विनम्रतापूर्वक बातचीत की। राज्य और केंद्र में इतने महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद भी, उनकी ऐसी विनम्रता देखकर मैं आज भी उनसे कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोक चव्हाण के उनके साथ आने से उनकी ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 अप्रैल को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश के साथ पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। बिहार में पहले चरण में हुए मतदान प्रतिशत में कमी पर उन्होंने कहा कि मौसम में ज्यादा गर्मी की वजह से थोड़ा मतदान प्रतिशत कम हुआ है। इसके बावजूद लोगों ने इस बार चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना लिया है।

# न्याय उलगुलान महारैली आज



### मुख्यमंत्री चंपाई ने तैयारियों का लिया जायजा

**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को न्याय उलगुलान महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे।

इस बीच मुख्यमंत्री पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। झामुमो की ओर से आयोजित इस उलगुलान महारैली में इंडी गठबंधन के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, कल्पना सोरेन, उद्धव ठाकरे की प्रतिनिधि सुनीता चतुवेर्दी एक मंच से उलगुलान महारैली को संबोधित करेंगे।

## 11:30 बजे तक ही चलेंगी 8वीं तक की कक्षाएं

**रांची।** राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक ही चलेंगी।

कक्षा नौ एवं इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12:00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी किया है।

## रांची में उलगुलान न्याय महारैली के मद्देनजर दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती

**रांची।** राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली है। रैली में राहुल गांधी समेत देशभर के बड़े नेता शामिल होंगे। ऐसे में रैली स्थल, एयरपोर्ट, होटल और सर्किट हाउस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। सभी स्थानों की सुरक्षा के लिए 2,000 अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। साथ ही ट्रैफिक रूट निर्धारित किये गये हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रभात तारा मैदान स्थित महारैली स्थल पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया था। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे। एसएसपी ने बताया कि महारैली स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के बाहर से आने वाले वीआईपी की सुरक्षा के लिए होटल से लेकर रैली स्थल तक जवानों के तैनाती की गई है। ट्रैफिक को लेकर भी अलग व्यवस्था की गई है।

**प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली में होगा चुनाव का शंखनाद**

# दिखेंगे इंडी गठबंधन के उम्मीदवार

**रांची।** झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की तरफ से रविवार को उलगुलान न्याय महारैली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। साथ ही इंडी गठबंधन इस रैली के जरिए एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। वैसे तो इंडी गठबंधन अब तक 11 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। बची तीन लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर और पलामू की घोषणा होनी बाकी है। रांची लोकसभा सीट कांग्रेस




कोटे में है। इस सीट से सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय का नाम सबसे आगे चल रहा है। इसके साथ मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा केंद्रीय चुनाव समिति में चल रही है, जिस पर पार्टी निर्णय ले सकती है। हालांकि, रांची लोकसभा के लिए सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर आलाकमान अंतिम निर्णय ले सकता है। जेएमएम कोटे की जमशेदपुर लोकसभा सीट से आस्तिक महतो और पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के नाम पर मुहर लग सकती है जबकि पलामू लोकसभा सीट राजद के खाते में है और इस सीट से आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है।

सुबोधकांत सहाय की बेटी के नाम पर केंद्रीय नेतृत्व राजी होता है, तो चुनावी मैदान में कांग्रेस की तीन महिला उम्मीदवार होंगी। गोड्डा से प्रदीप यादव का नाम आगे था। ऐसे में धनबाद से अनुपमा सिंह का नाम आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे दलील थी कि एक महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाये। अनुपमा सिंह का नाम तय होने के बाद प्रदीप यादव का मामला फंसा गया।

इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी ने दीपिका पांडेय सिंह का नाम आगे बढ़ाया और केंद्रीय नेतृत्व सहमत भी हो गया। अब इधर सुबोधकांत सहाय ने भी अपनी बेटी का नाम आगे बढ़ाया है। ऐसे में राज्य में भाजपा ने कोडरमा, सिंहभूम से महिला उम्मीदवारों को उतरा है जबकि इंडी गठबंधन ने सिंहभूम और गोड्डा से महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

**उलगुलान रैली का जवाब देने में जुटी भाजपा**

**रांची।** रांची के धुर्वा प्रभात तारा मैदान में रविवार को विपक्ष की उलगुलान रैली होने वाली है। रैली को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में कांग्रेस, राजद सहित सभी भाजपा विरोधी दलों के शीर्ष नेताओं का जमावड़ा होगा। उलगुलान न्याय रैली के जरिए विपक्षी दलों की यह एकजुटता चुनाव में कितना कारगर होगा वह वक्त ही बताएगा लेकिन इससे पहले इस रैली ने भाजपा की बचैनी बढ़ाने का काम जरूर कर दिया है। हालांकि, भाजपा के नेता इस रैली का चुनाव में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ने का दावा जरूर कर रहे हैं।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का मानना है कि भाजपा को इस रैली से कोई भय नहीं है। झारखंड और देश की जनता इस विकास विरोधी, देश विरोधी और झारखंड विरोधी विपक्ष के नेताओं को अच्छी तरह जानती है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जो सनातन का विरोध करते रहे हैं।

विपक्ष के उलगुलान न्याय रैली का जवाब देने के लिए भाजपा प्रधानमंत्री मोदी से लेकर कई बड़े नेताओं की चुनावी सभा से लेकर रोड शो कराने की तैयारी में जुट गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार कहते हैं कि उलगुलान न्याय रैली का कोई असर झारखंड में नहीं पड़ेगा। झारखंड की जनता विपक्ष के नेताओं को अच्छी तरह से जानती है और पहचानती है। किस तरह से हेमंत सोरेन सरकार के समय भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा, जिस वजह से वर्तमान समय में हेमंत सोरेन जेल में हैं।



# चिनिया के बड़का नाला के समीप जंगली हाथियों ने अधेड़ को कुचला, मौत

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित बड़का नाला के समीप जंगल में शनिवार की सुबह जंगली हाथियों ने चिनियां के चिरका टोला निवासी दशरथ सिंह (57 वर्ष) को कुचलकर मार डाला। घटना की जानकारी मिलते ही चिनियां वन विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का ज्याजा लेते हुये शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि हम सभी प्रत्येक दिन की तरह जंगल में महुआ चुनने के लिये गये हुये थे, महुआ चुनने के दौरान ही हाथियों ने मेरे पिता को कुचल कर मार डाला। डर के कारण हम लोग वहां से अपनी जान बचाकर भागे और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस प्रशासन व वन विभाग को दी। हाथियों की संख्या लगभग 10 से 15 बताई गई। इस संबंध में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। फिलहाल मृतक के परिजन को श्राद्ध कार्य के लिये 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है व मुआवजे की चार लाख रुपये की राशि कागजी प्रक्रिया के बाद अविलंब परिजनों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बेवजह लोग जंगल में न जाएं, व हाथियों से छेड़छाड़ ना करें। मौके पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, विपिन कुमार, हेमंत लकड़ा, चिनियां पुलिस पदाधिकारी नवीन कुमार राणा, कृष्ण कुमार शाह, राधेश्याम राम, सुखराव उरांव सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### वीडी राम के नामांकन को लेकर चला जनसंपर्क अभियान

**सतबरवा :** प्रखंड के पलामू लोकसभा क्षेत्र के बारी पोंची, सतबरवा, दुलसुलमा पंचायत के दर्जनों गांवों भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के 24 अप्रैल को होने वाले नामांकन को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को रखा गया। लोगों को बताया गया कि विकसित भारत के तहत भारत का संपूर्ण विकास हो रहा है। भाजपा इसबार 400 का आंकड़ा भी पार करेगी। मौके पर आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महेश्वर सिंह, उदयनाथ चौधरी, मालदीव सिंह, सत्येंद्र भैया, वकील सिंह, मुकेश प्रजापति, रेणु देवी, बबीता देवी, शारदा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

**जल संकट** कुंबा पंचायत के लोगों के लिए पीने के लिये साफ पानी नसीब नहीं

# चुआंड़ी खोदकर पानी पी रहे ग्रामीण

**नीलू चौबे**





**श्री बंशीधर नगर :** सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेजयल उपलब्ध कराने के लिये लाख दंभ भरे, लेकिन जमीनी सच्चाई चौकाने वाले हैं। 21वीं सदी में भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग आज भी चुआंड़ी खोदकर पानी पी रहे हैं। उदाहरण के तौर पर गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कुंबा पंचायत का वाकया सबके सामने है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन इसे बदनसीबी ही कहा जायेगा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। प्यास बुझाने के लिये चुआंड़ी खोदना और पानी निकालना नियती बना हुआ है। कुंबा पंचायत के अमरसरई गांव के देवनगरी एवं पचफेड़ी टोला में रहने वाले भुईयां परिवार के सदस्य सूखी नदी में चुआंड़ी खोदते हैं तब पानी नसीब होता है। इस टोले पर 30-35 परिवार निवास करते हैं। घर के आसपास पानी का कोई साधन नहीं होने के कारण लोग घर से आधा किलोमीटर दूर चिलचिलाती धूप में नदी में जाकर चुआंड़ी से पानी लाते हैं। काफी खोदने के बाद उसमें जमा पानी को बर्तन में भरकर घर लाते हैं और उसी पानी से खाना बनाने से लेकर पीने, स्नान एवं बर्तन धोने का काम चलाते हैं। पानी लेने नदी पहुंची महिलाओं के दर्द रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। दर्द बयां करती महिलाओं ने बताया कि हम लोग अपना दुखड़ा सुनाते सुनाते थक गये हैं। मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों से कई बार फरियाद की, लेकिन हमारे दर्द को किसी ने कम करने की कोशिश तक नहीं की। चुनाव के वक्त वोट लेने के लिये हमें तरह तरह के प्रलोभन एवं सपने दिखाये जाते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई उनलोगों की सुध लेने वाला नहीं है।

### क्या कहते हैं टोले में रहने वाले लोग

गांव की महिला पानपति देवी ने अपना दुखड़ा व्यक्त करते हुये कहा कि हमन पानी खातिर नदी खोद के इंतजाम करीला। इहे पानी से नहा ली एकरे से खाना भी बनाईला और पियली। मुखिया सरपंच से कहत कहत थक गईली। चुआंड़ी खोद रही महिला शकुंतला देवी ने कहा कि हमन के एगो चापानल दिला दिहूं। बड़ी दिक्कत से जीयत ही। चुआंड़ी के पानी से बीमारी भी बहुत होखे ला। सुनैना देवी ने कहा कि जैसे जैसे गर्मी आऊ होई चुआंड़ी से भी पानी नाई मिले, बहुत तकलीफ बा। हमन के सुने वाला कोई नईखे। यही दर्द गोपी भुईयां, सुनैना देवी, सोनामती देवी ने बताया।

### पिछड़ा है इलाका

टोला काफी पिछड़ा है। इस टोले में जाने के लिये सड़क भी नहीं हैं। नदी के किनारे किनारे लोगों को घर जाना पड़ता है। शहर से गांव की दूरी करीब 8 किलोमीटर है। यहां की जनसंख्या करीब 200 है। यहां निवास करने वाले अधिकांश लोग मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

# पेयजलापूर्ति के लिए आवेदन

**बंशीधर न्यूज**



**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम वार्ड में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति कराने एवं प्रधानमंत्री आवास के किस्त को अविलंब भुगतान कराने की मांग की है। दिये गये आवेदन में कहा गया कि लगातार बढ़ती इस भीषण गर्मी के कारण पानी का जमीनी लेयर काफी नीचे चला गया है। जिस कारण ज्यादातर चापाकलों में पानी देना बंद हो गया है। इतना ही नहीं जन समस्या के साथ ही मवेशी भी पानी प्यास बुझाने के लिये इधर उधर भटक रहे हैं। कहा गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के ज्यादातर वार्डों में चापाकल खराब पड़े हैं एवं कहीं कहीं लगे जलमीनार भी पानी देना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों की समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुये अविलंब टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति कराने के साथ ही खराब पड़े चापाकल एवं जलमीनार को बनवाने का निर्देश दिया जाय। साथ ही नागरिक सुविधा मद से नये चापाकल लगवाने एवं प्रधानमंत्री आवास शहरी के लाभुकों का बकाया किस्तों का भुगतान करवाया जाय। आवेदन देने वालों में समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के अलावा पूर्व वार्ड सदस्य विवेक सोनी भी उपस्थित थे।

# 210 मरीजों की जांच कर दी दवा

**बंशीधर न्यूज**




**भवनाथपुर :** बीएसएल सेल, बोकारो स्टील प्लांट के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के सीएसआर के तहत शनिवार को अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 210 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, सीएसआर विभाग के प्रभारी भगवान पाणिग्राही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। सेल भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम ने मरीजों की जांच कर दवा दी। मौके पर डॉ विजय कुमार राम ने कहा कि इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों और स्कूली छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। मौके पर माइंस अस्पताल के मुकेश दुबे, अनिला मिंज, सरोज कुमारी, सुशील कुमार मिश्र आदि लोग उपस्थित थे।

## पिस्तौल लहराते हुये तिलक में डांस करना दो युवकों को पड़ा महंगा



**मेराल :** तिलक समारोह में पिस्तौल लहराते हुये डांस करना युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने दोनों युवकों को आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में शुक्रवार की रात्रि में एक तिलक समारोह में उसी गांव के स्व केश्वर चौधरी का बेटा बीरबल चौधरी 23 वर्ष एवं रेजो गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का बेटा अवधेश चौधरी 24 वर्ष दोनों एक साथ आर्म्स लहराते हुये डांस कर रहे थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुये पुलिस ने दोनों युवकों को गांव के बाहर भागते हुये गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान बीरबल चौधरी के कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। जबकि अवधेश चौधरी के पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दोनों युवकों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## बरस रही है आग, पारा 43 के पार

**मेदिनीनगर :** तीखी धूप व गर्म हवा की रफ्तार से आम जन जीवन बेहाल हो गया है। जिले वासियों को गर्मी से होने वाली बीमारियों का भय सता रहा है। पिछले एक सप्ताह से तेज धूप व तेज रफ्तार से चल रही गर्म हवा के चलते मौसमी बीमारियों में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है। तीखी धूप व गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को हलकान कर दिया है। दिन का तापमान इतना तल्ख हो गया है कि सड़क पर निकलने से लोग हिचक रहे हैं। मेदिनीनगर में पारा 43 डिग्री को पार कर चुका है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 .2 व न्यूनतम तापमान 23 .7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## अनुप्रिया कुमारी बनी विद्यालय टॉपर



**रमना :** बालिका उच्च विद्यालय रमना का मैट्रिक परीक्षा परिणाम 96 .46 प्रतिशत रहा। इसकी जानकारी देते हुये प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव ने बताया कि कुल 283 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी। जिसमें 273 पास तथा 10 छात्राएं फेल हो गई। 86 .60 प्रतिशत अंक लाकर अनुप्रिया कुमारी विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय टॉप टेन में 83 .80 प्रतिशत सुहानी गुप्ता दूसरा, 82 .00 प्रतिशत गौरवी गुप्ता तीसरा, 82 .00 प्रतिशत रागनी कुमारी चौथा, 81.80 प्रतिशत जूही कुमारी पांचवां, 80 .00 प्रतिशत झांसी कुमारी छठा, 79 .60 प्रतिशत ब्यूटी कुमारी सातवां, 79 .60 प्रतिशत सुष्मिता कुमारी आठवां, 78 .20 प्रतिशत खुशी गुप्ता नवां जबकि 77 .80 प्रतिशत अंक लाकर दसवां स्थान हासिल करने में सफल हुई हैं। धर्मदेव उरांव ने छात्राओं की सफलता पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामना दी है।

**नल जल योजना में गड़बड़ी, ड्राई बोरिंग में स्ट्रक्चर फिट कर लगा दिया गया पाईप**

# ग्रामीणों को नहीं मिल सका एक बूंद भी पानी

**जितेंद्र यादव**



**डंडई :** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना प्रखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी जलसंकट की स्थिति बरकरार है। यहां बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को शुद्ध पानी मिल सके इसके लिये केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर हर घर नल जल योजना शुरू की थी। लेकिन इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने में पूरी सिस्टरम ही फेल हो जा रहा है। गर्मी का मौसम भी आ गया लेकिन सम्बंधित विभाग और काम करा रही एजेंसी अब तक लोगों के घरों तक नल का कनेक्शन कर पानी पहुंचाने में असफल रही है। प्रखंड के कई ऐसे गांव भी है जहां नल कनेक्शन तो दूर पाईपलाईन का भी काम अधूरा है। वहीं प्रखंड के कई ऐसे भी गांव हैं जहां पर नल जल का कनेक्शन तो हुआ है पर लोगों को पानी नहीं मिल पा रही है। कहीं पाईप फटकर पानी सड़क व खेतों में बह रही है तो कहीं नल में लगे टोंटी ही गायब है। जिन पंचायत में नल जल योजना पूरी हो चुकी है वहां नलों से पानी घर तक नहीं पहुंच पा रही है। कारण घटिया पाईप लाईन बिछाने से पाईप जगह-जगह फट गया। नतीजतन करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी आमजनों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। यह अलग बात है कि सरकारी स्तर पर हर घर जल पहुंचाने का दावा जरूर किया जा रहा है। यह कागजों पर तो दिख रहा है, परंतु जमीनी हकीकत कुछ और है। डंडई प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों का यही हाल है। सबसे बुरा हाल रारो पंचायत में है। यहां जिन घरों में नल कनेक्शन लगाये गये हैं उनमें से अधिकांश में पानी आना तो दूर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है और जिनमें पानी आ भी रहा है तो उसकी धार इतनी कम है कि बाल्टी भरने में काफी समय लग रहा है। वही कई जगहों पर ड्राई बोरिंग में भी स्ट्रक्चर लगाकर और घर-घर पाईप पहुंचाकर नल लगा छोड़ दिया गया है। लेकिन ग्रामीणों को नल से एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो रही है। इससे न सिर्फ यह योजना बेकार साबित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में संवेदक के प्रति आक्रोश है।

### घटिया क्वालिटी की है पाईप

रारो गांव के निमियादामर निवासी लाभुक सिताराम यादव, सुखाड़ी चंद्रवंशी, कमलेश यादव सहित अन्य लोगों का कहना है कि बोरिंग गहरा नहीं होने के कारण न तो टंकी में पानी चढ़ रहा है और न ही घरों तक पानी पहुंच रही है। घटिया पाईप लगाया गया है। जो कई जगहों पर फट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार लगे महीनों दिन बीत गये पर आज तक हम लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंचा।

### क्या कहते हैं मुखिया

इस संबंध में रारो की मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना का समुचित लाभ पंचायत के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने विभाग से अनियमितता दूर कर ग्रामीणों को नल से जल योजना का लाभ देने की मांग की है।






# इंडी गठबंधन की रैली में देश और विकास विरोधियों का होगा जमावड़ा : बाबूलाल




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में देश विरोधी, सनातन विरोधी, झारखंड विरोधी, विकास विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। इसमें वही लोग शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने झारखंड को बेचने और खरीदने का काम किया है।

मरांडी शनिवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रैली शामिल होने वाले लोग सत्ता में आने पर सारा समय लूटने में लगाते हैं। हेमंत सोरेन चार साल सरकार में रहे। आज वे जेल में हैं। जैसे जैसी करनी वैसी भरनी वाली कहावत उनपर पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता मिलने के बाद नदी, बालू, पहाड़ तक नहीं छोड़ा। राजमहल के पहाड़ को खोद दिया।

मरांडी ने कहा कि राजमहल में 1000 करोड़ के पत्थर का अवैध खनन हुआ है। ईडी ने इसका उल्लेख अपने चार्जशीट में किया है। बालू, कोयला पत्थर की लूट की। जमीन में फजीवाड़ा का उसको बेचने का काम किया। सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। आदिवासी जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे बेचा। इस कार्य को सरकार का संरक्षण मिलता रहा। अब धीरे-धीरे ईडी ऐसा करने वाले सभी लोगों को जेल में डाल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की जनता सब जानती है। जनभावना का सम्मान नहीं करने और हर तरह से जनता को लूटने वालों का जमावड़ा रैली में हो रहा है। ऐसे लोगों पर जनता कैसे विश्वास करेंगी। मरांडी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो आतंकी हमले को भगवा आतंकवाद कहते हैं। देश के जवान के आतंकियों की गोली से मारे जाने पर राजनीति करते हैं। 'जी' लगाकर आतंकवादियों को सम्मान देते हैं। भारत के जवान के जवाबी कार्रवाई करने पर सबूत मानते हैं। देश को कमजोर करने का लगातार प्रयास करते हैं। ऐसे ही लोगों का जुटान रैली में हो रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1962 में देश का बड़ा हिस्सा चीन को कांग्रेस सरकार ने दे दिया था। मोदी सरकार देश की एक-एक जमीन के लिए जान लगा रही है। किसी की भी हिम्मत नहीं है, जो देश का एक इंच भी जमीन कब्जा कर ले। गलवान घाटी और पूर्वोत्तर के क्षेत्र में यह नजारा देश की जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले डिफेंस के क्षेत्र में हम सिर्फ आयात करते थे। आज निर्यात कर रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि 2004 में अटल की सरकार जाने के बाद कांग्रेस सत्ता में आई। तब देश की अर्थव्यवस्था 11 स्थान पर थी। मनमोहन सरकार के कार्यकाल में सुपर पीएम सोनिया गांधी थी। स्थिति यह रही देश की अर्थव्यवस्था मात्र एक पायदान ऊपर आई यानी 11 में से 10वें नंबर पर आई। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। मोदी सरकार के तीसरे टर्म में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर आ जाएगी।

## उलगुलान न्याय महारैली में आने वाले वाहनों के रुट और पार्किंग की रहेगी अलग व्यवस्था



**रांची।** झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के तत्वावधान में रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गई है। इसमें इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर शनिवार को रांची ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने महारैली कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आनेवाली बसों का रूट और पार्किंग की व्यवस्था तय कर दी है।

### ऐसी रहेगी वाहनों के रुट और पार्किंग की व्यवस्था

-गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे

- दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।

-हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।

-जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।

-सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।

-वीआईपी के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोल चक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने से प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग की व्यवस्था

-वीआईपी और मीडिया के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

## सिंहभूम : पहली बार दो महिलाओं में होगा दंगल



**रांची।** झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव में इस बार सबकी निगाहें सिंहभूम सीट पर टिकी है। इस सीट पर पहली बार दो महिला उम्मीदवार आमने-सामने हैं। सिंहभूम के इतिहास में पहली बार है कि मुख्य मुकाबले में महिला उम्मीदवार हैं। भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है। यहां 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चुनावी अखाड़े में भाजपा ने निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा को उतारा है जबकि इंडी गठबंधन ने हेमंत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं जोबा मांझी पर भरोसा जताया है। दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी विधानसभा सीटों पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सामाजिक ताने-बाने में झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है। इस कारण ही चाईबासा की सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है। हालांकि, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव का वोटिंग पैटर्न अलग होता है।

सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है। भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतार दिया है। गीता हो जनजाति से आती हैं। सिंहभूम लोकसभा सीट हो बहुल है।लोकसभा क्षेत्र में करीब 56 प्रतिशत आबादी हो जनजातियों की है। इसके बाद पिछड़ा वर्ग में कुर्मी-महतो के बाद संथालों की आबादी है।

स्थानीय जानकारों का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में निश्चित रूप से मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखने की चुनौती होगी। गीता कोड़ा की उम्मीदवारी के सहारे इस बार वहां कमल खिलाने का ख्वाब भाजपा का है। गीता कोड़ा की जीत में झामुमो की सियासी जमीन का कितना बड़ा योगदान था, यह भी एक बड़ा सवाल है। इस हालात में देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो की इस ताकत के बगैर गीता कोड़ा कितना दम-खम दिखला पाती हैं।

सिंहभूम लोकसभा सीट से 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी ने संथाल होते हुए भी हो बहुल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो लोकसभा सीट नहीं जीत सकी। पिछले दो दशकों से चुनाव में गठबंधन की राजनीति में सिंहभूम सीट सहयोगी दलों के खाते में चले जाने की वजह से झामुमो लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़ा नहीं कर पाता था। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा की सभी छह विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन ने जीत ली थी। झामुमो के कब्जे में पांच सीटें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर हैं।

जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा गठबंधन के पास विधानसभा की सीटें नहीं है। ऐसे में जोबा मांझी की सिंहभूम लोकसभा सीट पर संथाल होते हुए दावेदारी को कमजोर नहीं आंका जा सकता। संयुक्त बिहार और झारखंड सरकार में कई बार मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक बार 2009 में ही हारी हैं। वर्ष 1995, 2000, 2005, 2014 और 2019 में वह मनोहरपुर विधानसभा से लगातार चुनाव जीतती रही हैं।

## खूंटी : महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में

**खूंटी।** हमेशा सुर्खियों में रहनेवाली जनजातियों के लिए सुरक्षित संसदीय सीट की विभिन्न विशेषताओं में एक खास है कि इस लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। खूंटी, गुमला, सिमडेगा, गुमला, रांची और सरायकेला-खरसावां इन छह जिलो में फैले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या है। 13 लाख नौ हजार 677। इनमें महिला मतदातओं की संख्या 6,66,584 और पुरुष वोटरों की संख्या है 643087। इस संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में भी महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। यही कारण है कि प्रत्याशियों की जीत-हार में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर हर राजनीतिक दल चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं का अधिक तवज्जो देते हैं। जिला जनसंपर्क कार्यालय खूंटी से मिली जानकारी के अनुसार खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 109761 है। वहीं इस सीट पर महिला वोटरों की संख्या 111383 है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 215101 में पुरुष मतदाता 107358 है, जबकि महिलाओं की संख्या 107743 है। इसी प्रकार तोरपा में महिला वोटरों की संख्या 1000487 है, जबकि 978122 पुरुष मतदाता हैं। खूंटी विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 223658 है। इनमें पुरुष मतदाता 108771 है, वहीं महिला वोटरों की संख्या 114884 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे 117062 पुरुष वोटरों की तुलना में महिला मतदातओं की संख्या 124800 है। इसी जिले के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 210300 में 197287 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 103013 है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)